(घ) योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में व्यय की गयी राशि और लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या दर्शाने वाला विवरण संलग्न है। [देखिए परिशिष्ट 154 अनुपत्र सं० 87]

मध्य प्रदेश के लिए, "हुडको" द्वारा दी गई सहायता

1829. **श्री अजीत जोगी** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान हुडको द्वारा मध्य प्रदेश के आवास बोर्डों विकास-प्राधिकरण, सुधार न्यासों और सहकारी आवास समितियों को कितनी धनराशि प्रदान की गई ;

(ख) इससे किस-किस श्रेणी के कितने-कितने लोग लाभान्वित होंगे ?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) और (ख) वर्ष 1989–90 के दौरान मध्य प्रदेश में हुडको ने आवास बोर्ड, विकास प्राधिकरणों, सहकारिता आदि को 56.29 करोड़ रुपये की ऋणराशि से, दो शहरी अधसंरचनात्मक परियोजनाओं सहित 102 योजनायें स्वीकृत की हैं। यह योजनायें मकानों के निर्माण, प्लाटों के विकास तथा नीचे दिये गये श्रेणी-वार ब्यौरों के अनुसार रिहायशी कालोनियों के लिये स्थल पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था को बढ़ावा देगी :—

श्रेणी	निर्मित किये जाने वाले मकानों की संख्या	विकसित किये जाने वाले प्लाटों की संख्या	आंनसाइट योजना (लाभ-भोगी)
आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग	175110	9050	5940
निम्न आय वर्ग	2835	990	2740
मध्यम आय वर्ग	2570	626	8980
उच्च आय वर्ग	472	—	16280

इसके अतिरिक्त हुडको ने मध्य प्रदेश में 5 78 करोड़ रुपये की ऋण, राशि से 82113 आधारभूत स्वच्छता प्रबन्ध इकाइयां स्वीकृत की हैं।

Increase in the quantum of essential commodities being supplied through PDS

1830. SHRI AJIT P. K. JOGI : Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that under the 'Public Distribution System' per unit allocation of rice, wheat and sugar is very low and each consumer is allotted only 0·50 kg of rice and 0·60 kg of wheat in Madhya Pradesh;

(b) if so, whether Government propose to increase per capita allotment of these essential commodities through the Public Distribution System ; and

(c) whether it is also a fact that sugar allocation to various states is made on the basis of projected population of 1986 and if so, whether Government propose to make allocation of sugar on the basis of projected population of 1989 ?